*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

**जनसंपर्क विभाग-** Ph./Fax: **07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल:** mgahvpro@gmail.com

**वेबसाइट :** www.hindivishwa.org

## 'स्त्री के पक्ष में : सृजनात्मक प्रतिरोधी स्वर' राष्ट्रीय परिसंवाद का बुधवार को समापन

## दूरदर्शन की अतिरिक्त महानिदेशक दीपा चंद्रा होंगी मुख्य अतिथि

### सुमनताई बंग, डॉ. विभा गुप्ता को दिया जाएगा 'स्त्री शक्ति सम्मान'

वर्धा, 07 मार्च, 2017 : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा 'स्त्री के पक्ष में : सृजनात्मक प्रतिरोधी स्वर' विषय पर आयोजित



चार दिवसीय (05-08 मार्च, 2017) राष्ट्रीय परिसंवाद का समापन महिला दिवस पर, बुधवार 8 मार्च को दोपहर

3.00 बजे गालिब सभागार में किया जाएगा। समापन समारोह में दूरदर्शन केंद्र नई दिल्ली की अतिरिक्त महानिदेशक दीपा चंद्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा करेंगे। समापन समारोह के अवसर पर चेतना विकास परिषद, वर्धा की सुमनताई बंग और मगन संग्रहालय, वर्धा की निदेशक डॉ. विभा गुप्ता को 'स्त्री शक्ति सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।

समापन पत्र से पहले प्रात: 10.00 बजे सुप्रसिद्ध कथाकार सूर्यबाला, मुबई 'साहित्य में अभिव्यक्ति के प्रतिरोधी स्वर' विषय पर आधारित सातवें सत्र की अध्यक्षता करेंगी। इस सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. सुधा सिंह बीज वक्तव्य देंगी और सुप्रसिद्ध कथाकार वंदना राग, दिल्ली, डॉ.सोमा सेन, नागपुर, स्त्री अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अवंतिका शुक्ला, पी.के. मंगलम, देहरादून मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील परिसंवाद की समन्वयक, स्त्री अध्ययन विभाग की प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सुप्रिया पाठक तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. अवंतिका शुक्लाने की है।

---

**महिला दिनानिमित्त राष्ट्रीय परिसंवादाचा बुधवारी समारोप**

## दूरदर्शनच्या अतिरिक्त महानिदेशक दीपा चंद्रा यांची उपस्थिती

**हिंदी विश्वविद्यालयाकडून वर्धेच्या सुमनताई बंग, डॉ. विभा गुप्ता यांना 'स्त्री शक्ति सन्मान'**

वर्धा, 07 मार्च, 2017 : आंतरराष्ट्रीय महिला दिनानिमित्त महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील स्त्री अध्ययन विभागाच्या वतीने 'स्त्री के पक्ष में : सृजनात्मक प्रतिरोधी स्वर' या विषयावर आयोजित चार दिवसीय (05-08 मार्च) राष्ट्रीय परिसंवादाचा समारोप महिला दिनी बुधवार, 8 मार्च रोजी दुपारी 3.00 वा. गालिब सभागृहात करण्यात येणार आहे. समारोप कार्यक्रमात दूरदर्शन केंद्र, नवी दिल्लीच्या अतिरिक्त महानिदेशक दीपा चंद्रा प्रमुख पाहुण्या म्हणून उपस्थित राहतील. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी विश्वविद्यालयाचे प्रकुलगुरु प्रो. आनंद वर्धन शर्मा असतील. महिला दिनानिमित्त वर्धेतील चेतना विकास परिषदेच्या सुमनताई बंग आणि मगन संग्रहालयाच्या निदेशक डॉ. विभा गुप्ता यांना 'स्त्री शक्ति सन्मान ' प्रदान करण्यात येणार आहे.

समारोपाआधी सकाळी 10.00 वा. सुप्रसिद्ध कथाकार सूर्यबाला, मुंबई यांच्या अध्यक्षतेखाली 'साहित्य में अभिव्यक्ति के प्रतिरोधी स्वर' या विषयावर सत्र घेण्यात येईल. यात दिल्ली विद्यापीठाच्या प्रो. सुधा सिंह बीज वक्तव्य देतील. सुप्रसिद्ध कथाकार वंदना राग, दिल्ली, डॉ. सोमा सेन, नागपुर, स्त्री अध्ययन विभागाच्या सहायक प्रोफेसर डॉ. अवंतिका शुक्ला, पी.के. मंगलम, देहरादून हे वक्ते आपले विचार मांडतील. कार्यक्रमाला उपस्थित राहण्याचे आवाहन परिसंवादाच्या समन्वयक, स्त्री अध्ययन विभागाच्या प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सुप्रिया पाठक आणि डॉ. अवंतिका शुक्लायांनी केले आहे.